**Keywords: होशियार, समझदार, बुद्धिमान, तेज़, चतुर, विद्वान, ज्ञानी, प्रतिभाशाली, विवेकी, चालाक, चालू**

**होशियार**
adj. smart, skilful, intelligent, alert

**अकसर हम "clever" के सन्दर्भ में काफ़ी शब्द देखते हैं हाँलाकि इन सब शब्दों का जिनका आपने अभी ज़िक्र किया है ये सब exactly cleverness नहीं दर्शाते हैं।**
Often we see a lot of words in the context of "clever" although all the words that you mentioned right now do not express cleverness.

**हम "होशियार" शब्द जब लेते हैं तो उसका अर्थ निकलता है "smart"।**
When we take the word "**होशियार**" then it means "smart."

**राम पढ़ाई में बहुत होशियार है।**
Ram is very skilful in studies. *or*
Ram is intelligent.

**सचेत** adj. alert

**होशियार रहना**
to be alert

**होशियारी रखना**
be watchful and alert, be careful

**बेटा होशियार रहना, अभी अँधेरा हो गया है, कुछ भी हो सकता है।**
Child be careful, it has become dark now, anything can happen.

**इसके अलावा कई बार धमकी जब देते हैं लोग, तो भी इस शब्द का इस्तेमाल होता है।**
Besides this many times when people intimidate, then also this word is used.

**धमकी देना** to intimidate; to threaten

**ज़्यादा होशियारी दिखाने की कोशिश मत करो।**
Don't try to act too smart.

**समझदार**
adj. prudent, intelligent

**समझ** f. understanding

**समझदार व्यक्ति वह व्यक्ति होता है.....who......**
An intelligent person is that person…who…

**आप समझदार आदमी लगते हैं, मुझे लगता है कि मैं आपको अपना काम सौंप सकती हूँ।**
You look like an intelligent person, I think that I can entrust you my work to you.

**सौंपना** v.t. to entrust

**इन पशुओं को भी समझदार कहा जा सकता है क्योंकि इनमें भी understanding है एक तरीके की ।**
These animals can also be called intelligent because in them also there is some kind of understanding.


© Hindi Urdu Flagship | University of Texas at Austin

**अब मैं बड़ा और समझदार हो गया हूँ । मुझे सही-ग़लत की पहचान है । आपको बार-बार मुझे टोकने की ज़रूरत नहीं है।**
Now I have grown up and become wise. I can identify right from wrong. There is no need for you to check me again and again.

**टोकना** v.t. to check; to interrupt

**अक़्लमंद** adj. intelligent, wise

**जब हम और आगे बढ़ें तो फिर आता है "अक़्लमंद"...**
When we move further then comes "**अक़्लमंद**"…

**और यह ज़्यादा अनौपचारिक परिस्थितियों में ही इस्तेमाल किया जाता है...**
and this is used more in only informal situations…

**बुद्धिमान** adj. intelligent

**बुद्धि** f. intelligence, mind

**हमारी कक्षा में एक बहुत ही बुद्धिमान लड़का पढ़ता है । उसके लिए कोई भी समस्या कठिन नहीं होती।**
A very intelligent boy studies in our class. No problem is hard for him.

**तेज़ दिमाग व्यक्ति**
sharp minded person

**तेज़** adj. sharp, quick

**राम ने एक घंटे में पूरा अध्याय याद कर लिया । उसका दिमाग बड़ा तेज़ है।**
Ram learnt the entire chapter in one hour. His mind is really sharp.

**रमेश बड़ा तेज़ लड़का है । उससे थोड़ा बचकर रहना ।**
Ramesh is a sharp boy. You should be careful of him!

**आजकल के ज़माने में थोड़ा तेज़ होना ज़रूरी है।**
In today's world, it is necessary to be a little quick (and sharp).

**चतुर** adj. clever, quick

**बीरबल, जो अकबर के दरबार में काम करते थे.... उन्हें बहुत चतुर कहा जाता था।**
Birbal, who used to work in Akbar's court…he was called very clever.

**दरबार** m. court

**उन्हें कोई भी सवाल कठिन नहीं लगता था, उनके लिए हर परिस्थिति आसान करने की क्षमता थी उनमें।**
*Correction: The phrase* **"उनके लिए"** *is unnecessary and is inappropriately used.*
He did not find any question difficult, he had the capability to make any situation easy.

**क्षमता** f. capability

**विद्वान** adj. learned; m. scholar

**बुद्धिमानी** f. intelligence

**चतुराई** f. cleverness

**समझदारी** f. prudence, intelligence

**क्षमता दर्शाता है किसी व्यक्ति की .....कुछ कर दिखाने की ability को !**
It demonstrates the capability of a person…the ability of a person to do something!

**मुझमें दुनिया को बदलने की क्षमता है।**
I have the capability of changing the world.

**ज्ञानी** m. a knowledgeable person

**प्रतिभा** f. talent

**रीता एक उभरती हुई प्रतिभा है।**
Rita is an upcoming talent.

**उभरना** v.i. to rise, to flourish

**प्रतिभाशाली** adj. talented

**रीता बहुत ही प्रतिभाशाली छात्रा है।**
Rita is a very talented student.

**विवेकी**
m. a person who can discern well; adj. discerning

**विवेक**
m. ability to discriminate or discern, judgment

**राम में विवेक है।**
Ram has a good judgment.

**उसने इतनी पढ़ाई की है, उसने इतना ज्ञान अर्जित किया है, कि उसमें क्या सही है, क्या ग़लत, यह उसमें नापने की क्षमता आ गई है।**
He has studied so much, he has accumulated so much knowledge that he has acquired the capability to assess what is right and what is wrong.

**अर्जित करना** to earn

**नापना** v.t. to measure

**चालाक** adj. cunning

**जब आप किसी को चालाक बोलते हैं तो आप बताना चाह रहे हैं कि वह बंदा बहुत ही manipulative है, बहुत ही cunning है, और शायद किसी दूसरे व्यक्ति को ठेस पहुँचाने में उसे कुछ परेशानी न हो।**
When you call someone "**चालाक**" then are trying to tell that that person is very manipulative, very cunning, and maybe he will not have much difficulty in hurting some other person.

**बंदा** m. a person

**ठेस** f. a knock, blow

**ठेस पहुँचाना** to hurt

**पंचतंत्र**
f. collection of animal fables in Sanskrit literature

**क़िस्सा** m. a tale, story

**चालाक लोमड़ी** f. cunning fox

**कई नेताओं को लोग चालाक मानते हैं, क्योंकि वे जनता की फ़िक्र नहीं करते, केवल अपने स्वार्थ के लिए पैसा अर्जित करते हैं। तो उन्हें भी चालाक कहेंगे।**
People consider many politicians "**चालाक**" because they do not worry about the public, (they) only collect money only for themselves. So they will also be called "**चालाक**".

**स्वार्थ** m. one's own aim self-interest

**मगर चतुर नेता भी हो सकते हैं - ऐसे नेता जो काफ़ी clever हों और जनता की सहायता करना चाहते हों और उसमें अपने दिमाग का भी प्रयोग कर रहे हैं।**
But there can be "**चतुर**" politicians too - politicians who are very clever and want to help the public and are also using their brain for that.

**सहायता** f. help

**सहायता करना** to help

**चालू** adj. cunning

**तुमने मेरा सारा पैसा ऐंठ लिया, तुम तो बड़े चालू निकले।**
You took all my money. You are so cunning.

**ऐंठना** v.t. to extort, to squeeze

**अकसर जब पर्यटक दुकानदारी करने के लिए जाते हैं तो अकसर दुकानदार उन्हें ठग लेते हैं तो आप बोल सकते हैं वह दुकानदार बड़ा चालू था। उसने मुझसे चौगुने पैसे ले लिए।**
Often when tourists go for shopping then often shopkeepers cheat them then you can say - That shopkeeper was very cunning. He took four times the money from me.

**पर्यटक** m. tourist

**दुकानदारी** f. shop-keeping

**ठगना** v.t. to cheat

**चौगुना** adj. fourfold;
m. four times the amount